हरिभूमि
# रायपुर भूमि








# कुम्हारी पुल पर जाम, रायपुर-दुर्ग पुलिस ने संभाली कमान, थोड़ी राहत



हरिभूमि न्यूज़ ⏭ रायपुर


कुम्हारी स्थित खारुन नदी के पुल पर मरम्मत के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या भी देखने को मिल रही है और इससे निपटने के लिए दुर्ग तथा रायपुर पुलिस ने दोनों ओर से वैकल्पिक व्यवस्था की हुई है। रायपुर से दुर्ग जाने वाले हल्के वाहन कार और बाइक चंदनडीह स्थित रपटा पुल का उपयोग कर रहे हैं। वही भारी वाहन पुराने बड़े पुल से ही दुर्ग की ओर रवाना हो रहे हैं। इसी प्रकार दुर्ग से रायपुर आने वाले सभी वाहन भी इसी पुल का उपयोग कर रहे हैं। निर्माण कार्य के मद्देनजर किसी प्रकार की समस्या न हो इसे ध्यान में रखकर रायपुर और दुर्ग पुलिस ने दोनों ओर अस्थाई चौकी का निर्माण किया है। यहां पर चौबीस घंटे पुलिस जवान मोर्चा संभाले हुए।

## सुबह और शाम लग रहा जाम

स्थानीय रहवासियों के अनुसार पिछले पांच दिनों से यहां ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। खासकर सुबह दस से बारह बजे तक और शाम पांच से सात बजे तक पूरा मार्ग जाम रहता है। इस दौरान आसपास रहने वालो को धूल और वाहनों के धुंआ से परेशानी हो रही है।

## मुंबई हावड़ा मार्ग के कारण रहता है दबाव

खारुन नदी पर स्थित पुल मुंबई हावड़ा रूट को जोड़ता है। इसलिए इस मार्ग पर भारी वाहनों के साथ हल्के वाहनों का काफी दबाव रहता है। इसी के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन ने जवानों की तैनाती की है।



# खुले बाजार के साथ नान ट्रेड सीमेंट के भी बढ़ा दिए 30 रुपए दाम

### अलग-अलग कंपनियों के सीमेंट के दाम थोक में अब 260 से 340 रुपए तक, चिल्हर में दाम 300 से 350 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में एक बार फिर से सीमेंट कंपनियों की मनमर्जी सामने आई है। सोमवार से सभी कंपनियों ने सीमेंट के दाम 30 रुपए बढ़ा दिए हैं। खुले बाजार के साथ सरकारी काम में आने वाले नान ट्रेड सीमेंट के दाम भी बढ़े हैं। अब सीमेंट के दाम चिल्हर में 300 से 350 रुपए हो गए हैं। थोक में इसके दाम 260 से 340 रुपए हो गए हैं। जो सबसे महंगा नान ट्रेड सीमेंट ओपीसी का 310 रुपए था, वह 340 रुपए हो गया है। हरिभूमि ने पहले ही 4 अप्रैल के अंक में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था कि सीमेंट के दाम सोमवार से बढ़ाने की तैयारी है। अभी दाम 30 रुपए बढ़े हैं आने वाले समय में इसके दाम और 20 से 30 रुपए बढ़ाने की तैयारी है।

खास खबर

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां दाम बढ़ाने के मामले में हमेशा से ही बेलगाम हैं। हर साल मानसून के समय भी जब डिमांड नहीं रहती है, तब भी दाम बढ़ा दिए जाते हैं। दाम बढ़ाने का विरोध रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी कर चुके हैं। बीते साल तो प्रदेश सरकार ने भी नाराजगी जताते हुए सीमेंट कंपनियों की बैठक की थी। उद्योग मंत्री के साथ बैठक में तय किया गया था कि कंपनियां सीमेंट के दाम बढ़ाने से पहले इसकी सरकार को जानकारी देंगी और कारण भी बताएंगी, लेकिन कंपनियां ऐसा नहीं कर रही है। बैठक के बाद कई बार दाम बढ़ाए जा चुके हैं। अब फिर से वही किया गया है।


सोमवार से सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ाने की तैयारी, तीन सौ के पार हो जाएंगे दाम

**बढ़े हैं दाम** : खुले बाजार के साथ नान ट्रेड सीमेंट के भी दाम 30-30 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। इससे सरकारी काम काफी प्रभावित होगा। पहले ही अन्य सामानों के दाम भी बढ़ गए हैं। सीमेंट के दाम बढ़ाने का कोई कारण भी नहीं है।
- रूपेश सिंघल, बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ अध्यक्ष

## नान ट्रेड के दाम दूसरे राज्यों में कम

सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियों से ही जो नान ट्रेड सीमेंट दूसरे राज्यों में जाता है, उन राज्यों को सीमेंट छत्तीसगढ़ के ठेकेदारों को दिए जाने वाले दाम से 40 रुपए कम में दिया जाता है।

## किस ब्रांड के कितने दाम

कारोबारियों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से लगातार कंपनियां दाम बढ़ाने की बात कह रही थी। इसके पीछे कोई कारण नहीं बताया जा रहा था। कारोबारियों का कहना है कि अप्रैल का टार्गेट पूरा करने के लिए ही ऐसा किया गया है। दाम बढ़ने से पहले अलग-अलग कंपनियों के सीमेंट के दाम 60 बोरी के 230 से 270 रुपए तक थे। अब दाम 260 से 300 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में मनमर्जी रहती है। चिल्हर में दाम 300 से 350 रुपए हो गए हैं। अब अल्ट्राटेक 60 बोरी के दाम 270 से बढ़कर 300 रुपए, एसीसी के 250 से बढ़कर 280 रुपए, जेके लक्ष्मी के 230 से बढ़कर 260 रुपए और नोवोको के भी 230 से बढ़कर 260 रुपए हो गए हैं।

# आरटीई के तहत प्रवेश न देने वाले निजी विद्यालयों की मान्यता होगी रद्द

### शासन का कहना- छग में आरटीई प्रतिपूर्ति राशि दूसरे राज्यों से बेहतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों की फीस राशि बढ़ाने की मांग कर रहे विद्यालयों को लेकर शासन ने कड़ा रूख अपनाया है। शासन ने स्पष्ट किया है कि जो विद्यालय आरटीई के अंतर्गत दाखिला नहीं देंगे, उनकी मान्यता रद्द कर दी जाएगी। गौरतलब है, आरटीई प्रतिपूर्ति राशि नहीं बढ़ाने जाने की स्थिति में निजी स्कूलों ने शासकीय कार्यों में असहयोग करने का निर्णय लिया है। शासन के मुताबिक, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निजी स्कूलों को नर्सरी या कक्षा 1 में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना अनिवार्य है। इसके बदले राज्य सरकार प्रति बच्चा व्यय के आधार पर स्कूलों को प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान करती है। यह राशि सरकारी स्कूल में प्रति बच्चे पर होने वाले खर्च या निजी स्कूल की वास्तविक फीस (दोनों में से जो भी कम हो) के आधार पर निर्धारित की जाती है। छत्तीसगढ़ में शुल्क प्रतिपूर्ति की राशि कई पड़ोसी राज्यों की तुलना में बेहतर या उनके समकक्ष है।

- आरटीई फीस बढ़ाने की मांग कर रहे हैं प्रदेश के निजी विद्यालय

## अन्य राज्यों में इतना भुगतान

प्रदेश में वर्ष 2011-12 से ही पहली से पांचवीं कक्षा तक 7000 रूपए और छठवीं से आठवीं कक्षा तक 11 हजार 400 रूपए वार्षिक प्रतिपूर्ति राशि निर्धारित है। तुलनात्मक रूप से देखें तो मध्य प्रदेश में 4,419 रूपए बिहार में 6,569 रूपए, झारखंड में 5,100 रूपए और उत्तर प्रदेश में 5,400 रूपए वार्षिक दिए जाते हैं। यद्यपि ओडिशा, राजस्थान, महाराष्ट्र और कर्नाटक में यह राशि अधिक है, किंतु समग्र मूल्यांकन में छत्तीसगढ़ की प्रतिपूर्ति राशि संतुलित और उचित है।

## 3.63 लाख छात्र आरटीई के

*वर्तमान में राज्य के 6,862 निजी विद्यालयों में आरटीई के माध्यम से लगभग 3,63,515 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस वर्ष भी कक्षा पहली की लगभग 22,000 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। चूंकि सभी निजी विद्यालयों को आरटीई अधिनियम के प्रावधानों के तहत ही मान्यता दी गई है, अतः यह उनकी वैधानिक जिम्मेदारी है कि वे निर्धारित सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित करें। यदि कोई निजी विद्यालय आरटीई के तहत प्रवेश देने से इंकार करता है या प्रक्रिया में व्यवधान डालता है, तो राज्य शासन उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा। इसमें विद्यालय की मान्यता समाप्त करने तक का प्रावधान शामिल है।*

## खबर संक्षेप

### फार्मासिस्ट भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने फार्मासिस्ट भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र 6 अप्रैल को अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। स्वास्थ्य सेवा संचालनालय के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित 12 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। राजधानी और बिलासपुर में ही इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। विस्तृत दिशा-निर्देश व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### जनगणना में ओबीसी कॉलम नहीं होना अन्याय

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने आगामी डिजिटल जनगणना के लिए निर्धारित 33 बिंदुओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग से कॉलम नहीं होने पर पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार पिछड़ा वर्ग के लिए दोहरा मापदंड अपना रही है। पिछड़े समाज के विकास की बात करने वाली केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की साय सरकार आज इस मामले में असहाय नजर आ रही है। सरकार पिछड़ों को सिर्फ वोट बैंक बनाकर रखना चाहती है। अन्य वर्ग के लिए स्पष्ट कॉलम दिया गया है, लेकिन ओबीसी वर्ग की गणना के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया है।

# ये कैसा वर्कआर्डर...पुराना एसपी भवन ढहाए बिना कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में पांचमंजिला कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है, लेकिन वर्कआर्डर के अनुसार, जितनी जमीन पर बिल्डिंग का निर्माण शुरू किया जाना था, उसकी आधी जमीन पर ही कार्य शुरू हो पाया है। पुराने एसपी भवन को अब तक तोड़ा नहीं गया है, जबकि जारी वर्कऑर्डर के अनुसार उक्त भवन को तोड़े जाने के बाद ही एक साथ निर्माण कार्य शुरू होना था। इधर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि एसपी कार्यालय की शिफ्टिंग हो चुकी है, लेकिन अभी भी कुछ अन्य अधिकारियों के दफ्तर इस भवन में लग रहे हैं। भवन पूरी तरह खाली होने पर ही उसे तोड़ा जा सकेगा।

कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय के लिए पांचमंजिला कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य वर्ष 2023 से प्रस्तावित है। इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए कांग्रेस शासनकाल में मंजूरी दी गई थी। इसके बाद से इस बिल्डिंग के निर्माण में लगातार बाधा आ रही है। मंजूरी के बाद विधानसभा चुनाव, उसके बाद लोकसभा और फिर नगरीय निकाय चुनाव के कारण इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। तीनों चुनाव निपटने के बाद एसपी कार्यालय भवन इस कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण में बाधा बना।

- पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने कहा- भवन पूरी तरह खाली नहीं, इसलिए तोड़ा नहीं गया

## एक वर्ष से अधिक समय लगने की संभावना

सूत्रों के अनुसार वर्कऑर्डर में एजेंसी को कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए डेढ़ से दो वर्ष का समय दिया है। इसमें बारिश सीजन के महीने भी शामिल हैं, लेकिन एसपी भवन को तोड़े बिना बिल्डिंग निर्माण का कार्य समयसीमा में खत्म होना संभव प्रतीत नहीं होता। सूत्रों की मानें तो निर्माण कार्य पूर्ण होने में दिए गए समय के अलावा और एक वर्ष या उससे भी अधिक समय लगने की संभावना है।

## लेटलतीफी के कारण बढ़ी लागत

सूत्रों की मानें तो 29 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण का ठेका वर्ष 2023 में दिया गया था। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद वित्त विभाग से दोबारा इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए बजट को स्वीकृति दी गई। हालांकि टेंडर जिस एजेंसी को मिला था, उसे बरकरार रखा गया। सूत्र की मानें तो ठेका जरूर बदला नहीं गया, लेकिन लागत में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि पीडब्ल्यूडी के अधिकारी इससे इंकार कर रहे हैं।

## वर्कऑर्डर जारी हुए कई महीने बीते, भवन अब तक टूटा नहीं

पांचमंजिला कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण के लिए वर्कऑर्डर जारी हुए कई महीने बीत चुके हैं। इसके बावजूद एसपी भवन को तोड़ा नहीं गया है। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग ने जिस एजेंसी को कंपोजिट बिल्डिंग निर्माण का ठेका दिया है, उसने एसपी भवन तोड़े बगैर ही कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण शुरू कर दिया है। इसके लिए एसपी भवन के पीछे और कोर्ट की तरफ खाली जमीन पर खुदाई करने के साथ कॉलम लगाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया है।

Bunkar Craft
KOSA SILK SAREES, SUITS, DUPATTAS AND FABRICS.
ANNIVERSARY SALE

FLAT 30% OFF
B-32/3, PANDRI CLOTH MARKET, MAIN ROAD, RAIPUR.
CONTACT NO. - 9179160061, 8109600869
+919179160061
SHOP NOW
@bunkarcraftraipur
@bunkarcraft
SUNDAY OPEN


SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH
एडवांस पेल्विक
एसिटाबुलम फ्रैक्चर सेंटर
छ.ग. का एकमात्र लाइव सर्जरी
इमेजिंग सेंटर with AI Navigation
O-Arm मशीन द्वारा सर्जरी के फायदे:
• लाइव 3D सर्जरी इमेजिंग
• मिनिमल इनवेसिव सर्जरी (छोटे से चीरे द्वारा)
• प्रिसिशन एंड सेफ्टी
• लेस ब्लड लॉस एंड लेस मसल्स कट
• ऑपरेशन के बाद मिनिमम फिजियोथेरेपी
• फास्ट रिकवरी एवं पुन: सर्जरी की जरूरत नहीं
O-arm
Dr. Sunil khemka
Head of Department, Orthopaedics
Dr. Ambrish Verma
M.S. (Ortho)
Dr. Ram Khemka
M.S. (Ortho)
आयुष्मान भारत योजना, CGHS, SECR, SECL, ECIC, SAIL, CSEB, FCI, NMDC, SBI, ECHS, NTPC, ONGC सभी इन्श्योरेंस कंपनियों एवं सभी कॉर्पोरेट संस्थानों से कैशलेस इलाज उपलब्ध
गंज मंडी के पास, पंडरी, सेक्टर 5 के पीछे, देवेंद्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492004 • फ़ोन: 93003 73737

# आरु साहू के सुरीले गीत और रामधुन की थाप पर थिरके श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम भानसोज में आयोजित त्रिदिवसीय राज्यस्तरीय मानस गान प्रतियोगिता का भव्य समापन श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। तीन दिनों तक चले इस आध्यात्मिक महाकुंभ ने न केवल भानसोज बल्कि आसपास के पूरे अंचल को राममय कर दिया। इस अवसर पर सोमवार को सुबह विधि-विधान से हवन, पूजन और विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गई।

आहुतियों के साथ वातावरण में फैली सुगंध और मंत्रोच्चार ने ग्रामीणों को भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ ही इस वृहद आयोजन की निर्विघ्न संपन्नता के लिए ईश्वर का आभार व्यक्त किया गया।

दोपहर 12 बजे जैसे ही जय माँ शीतला रामधुनी झाँकी, परसाही (बालोद) की प्रस्तुति शुरू हुई, पूरा पंडाल दर्शकों से खचाखच भर गया। बालोद से आई इस मंडली ने अपनी अनूठी शैली और वाद्य यंत्रों की मधुर थाप पर ऐसी सजीव झांकियां प्रदर्शित कीं कि लोग दोपहर की कड़ी धूप की परवाह किए बिना भक्ति में झूमने पर मजबूर हो गए। दोपहर के इस उत्साह को शाम 3 बजे सुप्रसिद्ध लोक गायिका आरु साहू ने दोगुना कर दिया।

जैसे ही वे मंच पर आईं, भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। आरु साहू ने अपने चिर-परिचित अंदाज में छत्तीसगढ़ी लोक विधाओं और भक्ति गीतों की ऐसी तान छेड़ी कि पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ग्रामीणों ने घंटों तक उनकी सुरीली आवाज और मनमोहक प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। भक्ति और संगीत के इस उल्लास के बीच शाम को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

### त्रिदिवसीय राज्यस्तरीय मानस गान प्रतियोगिता सम्पन्न



#### भव्यता और अनुशासन के कारण याद रखा जाएगा

महाप्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने पूरी आस्था के साथ कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। आलम यह था कि शाम ढलते-ढलते पूरा आयोजन स्थल श्रद्धा और सेवा के समंदर में तब्दील हो गया। भानसोज का यह त्रिदिवसीय आयोजन अपनी भव्यता और अनुशासन के कारण क्षेत्र में लंबे समय तक याद रखा जाएगा। आयोजन समिति ने इस सफल समागम के लिए समस्त क्षेत्रवासियों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### अस्सी पौव शराब और मोपेड जब्त, दो युवक जेल दाखिल



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा पुलिस ने रविवार को दो अलग-अलग एक्टिवा से अवैध शराब बरामद कर दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तिल्दा नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो लोग अपने मोपेट से शराब ले जा रहे है प्पुलिस ने दोनों की घेरा बंदी की और अवैध शराब परिवहन/विक्रय करते पकड़ लिया .गौरतलब है कि इन दिनों अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री के विरुद्ध पुलिस द्वारा आपरेशन निश्चय अभियान चलाया जा रहा है ।पुलिस के बताए अनुसार ग्राम ताराशिव हर्षदीप पेट्रोल पम्प के बाजू में ताराशिव का पूरन लाल वर्मा अपने मोपेड वाहन एक्टीवा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा था । पुलिस ने आरोपी पूरन लाल वर्मा को 48 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब व बिक्री रकम 600/रू तथा वाहन मोपेड एक्टीवा क्रमांक सीजी 04 पी.टी. 8864 को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जप्त किया गया।

### भिलाई स्कूल में व्याख्याता ने कराया नेवात भोज



**आरंग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई के वरिष्ठ व्याख्याता चंदूलाल साहू ने अपने जन्मदिन पर पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई के विद्यार्थियों को न्योता भोज में राष्ट्रीय मिठाई जलेबी परोसी एवं बच्चों को अपने अनुभव सुनाकर कहा कि जो नियमित स्कूल आता है, गुरुजनों की बात मानता है, वह निश्चित ही अच्छा नागरिक बन सफल होता है। इस अवसर पर प्रधान पाठक डार्थी तांडी, संकुल समन्वयक जितेन्द्र शुक्ला, भोला प्रसाद सोनी, भरत लाल साहू, खम्मन लाल साहू, डोमन डहरिया, पुष्पलता चंद्राकर, तृप्ति शर्मा, पुष्पा चंद्राकर, बसंती सोनकर, चुनेश्वरी साहू, उमाशंकर यादव, दुर्गेश कंडरा आदि की उपस्थिति रही।

### सुखु राम साहू समाज के सह संयोजक बने

**चंदखुरी\आरंग।** । छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आई.टी. सेल प्रकोष्ठ ने सुखु राम साहू को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें प्रदेश सह-संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू, आई.टी. सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू तथा अन्य प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति और अनुमोदन से की गई है।आरंग विधानसभा क्षेत्र के छोटे से गांव तुलसी (समोदा) निवासी सुखु राम साहू समाज में पहले भी कई महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने आभार व्यक्त किया है।



## भाजपा एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत एक जीवंत विचारधारा है : अनुज शर्मा

# भाजपा की पहचान है राष्ट्रहित प्रथम और अंत्योदय से विकसित भारत होगा साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के गौरवशाली अवसर पर समूचे प्रदेश सहित धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा का माहौल देखा गया। इस ऐतिहासिक दिन पर क्षेत्रीय विधायक और प्रखर जनसेवक अनुज शर्मा ने कार्यकर्ताओं और आम जनता को संबोधित करते हुए एक सशक्त संदेश साझा किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भारतीय जनता पार्टी महज एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से ओतप्रोत एक जीवंत विचारधारा है। उनके अनुसार, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में देश जिस 'विकसित भारत' का स्वप्न देख रहा है, उसकी नींव पार्टी के अंत्योदय के मूल मंत्र पर टिकी हुई है।

विधायक अनुज शर्मा ने पार्टी के संघर्षपूर्ण और गौरवमयी अतीत को याद करते हुए कहा कि 6 अप्रैल, 1980 को जब भाजपा की स्थापना हुई थी, तब हमारे मार्गदर्शक श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एक ऐतिहासिक उद्घोष किया था कि "अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा।" आज वे शब्द एक जीवंत हकीकत बनकर हमारे सामने खड़े हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि शून्य से शिखर तक का यह सफर भाजपा के करोड़ों देवतुल्य कार्यकर्ताओं के पसीने और बलिदान की कहानी है। विधायक ने भावुक होते हुए कहा कि यह कार्यकर्ताओं का ही अथक परिश्रम है, जिसने भाजपा को आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित किया है। विकास के रोडमैप पर चर्चा करते हुए अनुज शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' दर्शन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की हर योजना, चाहे वह गरीबों को पक्का मकान देने का संकल्प हो, आयुष्मान भारत के जरिए स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना हो या उज्ज्वला योजना से महिलाओं के जीवन में उजाला लाना हो, हर कदम समाज के उस अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए है जो दशकों से विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ था।



### घर-घर में लहराया भाजपा का ध्वज

विधायक की अपील और पार्टी के प्रति प्रेम के चलते कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों की छतों और दरवाजों पर भाजपा का केसरिया ध्वज फहराया। पूरा क्षेत्र मानो उत्सव के रंग में डूबा नजर आया। अनुज शर्मा ने इस एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि एक जनसेवक के रूप में उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और जनता की खुशहाली है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरते हुए नारा दिया कि हम रुकने वाले नहीं हैं और न ही झुकने वाले हैं; जब तक विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता, तब तक भाजपा का हर सिपाही बिना थके देश की सेवा में डटा रहेगा।



### भाजपा के स्थापना दिवस पर संगठनात्मक एकता पर जोर

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अभनपुर में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी झंडा का ध्वजारोहण कर संगठन के प्रति समर्पण व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक इंद्रकुमार साहू ने सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक एकता पर बल देते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रहित और विकास के लिए समर्पित पार्टी है, जिसका उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने पार्टी की विचारधारा और संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का संदेश दिया। उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं को निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित किया। जिला प्रभारी सुरेन्द्र पाटनी ने संगठन को मजबूत बनाने और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने की बात कही।

# राष्ट्र और जनसेवा के संकल्प पर कार्य कर रही भाजपा : खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- मंत्री गुरु खुशवंत ने भाजपा ध्वज फहरा कर दी बधाई



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने अपने निवास, नवा रायपुर में भाजपा का ध्वज फहराकर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल बस नहीं हाथ यह राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त संगठन है। 6 अप्रैल 1980 से प्रारंभ हुई यह गौरवशाली यात्रा आज एक विराट स्वरूप ले चुकी है। विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित भाजपा का हिस्सा बनकर के राष्ट्रसेवा में योगदान देना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। संगठन के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी सहित सभी सदस्यों को स्मरण करते हुए कहा कि पार्टी का ध्वज उन करोड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और संघर्ष का प्रतीक है, जिन्होंने अंत्योदय अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य किया है। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने अपने संदेश में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विगत वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भी भाजपा सरकार जनकल्याण, सुशासन एवं पारदर्शिता के सिद्धांतों के साथ कार्य करते हुए समाज के सभी वर्गों गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध है।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवा

महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार 6 अप्रैल को धरसीवा विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) वैक्सीन का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास तिवारी के कुशल नेतृत्व में किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस घातक बीमारी से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की।

शिक्षा और महिला विकास विभाग की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए परियोजना अधिकारी श्रीमती अलका सक्सेना और शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि श्री रोहित घृतलहरे भी मौजूद रहे। स्वास्थ्य जगत से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वी.के एक्का और डॉ. मंजुला भारती की उपस्थिति ने इस अभियान की गंभीरता और महत्व को रेखांकित किया।

**एचपीवी वैक्सीन एक सुरक्षा कवच :** टीकाकरण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती जुबेदा अनवर खान ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए एचपीवी वैक्सीन एक सुरक्षा कवच की तरह है। वहीं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास तिवारी ने तकनीकी जानकारी साझा करते हुए स्पष्ट किया कि यह वैक्सीन मुख्य रूप से उन किशोरियों के लिए है जिन्होंने अपना 14वां वर्ष पूर्ण कर लिया है परंतु अभी 15वें वर्ष में प्रवेश नहीं किया है। उन्होंने बताया कि कुल जनसंख्या के लगभग एक प्रतिशत लक्षित समूह की बालिकाओं को इस टीकाकरण दायरे में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डॉ. तिवारी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि भारत में महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे बड़ा खतरा है, जिससे समय रहते टीकाकरण के माध्यम से पूरी तरह बचा जा सकता है। अधिकारियों ने आम जनमानस को आश्वस्त किया कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसके कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं हैं।



### इनकी रही उपस्थिति

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला ढिलेंद्र सेन, जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी और जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती पूजा वर्मा, सरपंच श्री साहिल खान ,तिवरैया सरपंच श्रीमती श्यामा कलानाथ गायकवाड़ सहित हॉस्पिटल स्टॉप उपस्तिथ थे।

# 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं के बाद किया निरीक्षण



**आरंग।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में कक्षा आठवीं की अंतिम परीक्षा (संस्कृत) के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा की शुचिता बनाए रखना और आगामी शैक्षणिक कार्यों के लिए निर्देश देना था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षार्थियों और पर्यवेक्षकों की उपस्थिति की जांच की एवं भोथली, गुखेरा, खमतराई में संकुल प्राचार्य टिकेश्वरी चंद्राकर एवं संकुल समन्वयक हरीश दीवान ने तथा चिखली में संकुल प्राचार्य विनोद चंद्राकर एवं समन्वयक वी.पी. चेलक ने, भाऊ अकोली में संकुल प्राचार्य नम्रता तिवारी एवं समन्वयक रोशन चंद्राकर ने तथा संकुल केंद्र-गोढ़ी में पूर्व माध्यमिक शाला- गोढ़ी के संकुल प्रभारी प्राचार्य एस.आर. घृतलहरे, संकुल परीक्षा प्रभारी श्रीमती प्रभा कौशिक एवं संकुल समन्वयक ओंकार प्रसाद वर्मा द्वारा अवलोकन सह निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के साथ-साथ प्राचार्यों और समन्वयकों ने स्कूलों के लिए गाइडलाइंस जारी करते हुए कहा कि परीक्षा समाप्त होने के बाद भी स्कूल अपने निर्धारित समय पर ही खुलेंगे और बंद होंगे। एवं स्थानीय स्तर पर होने वाले मूल्यांकन कार्य को तत्काल पूर्ण कर परीक्षा परिणाम तैयार रखने के निर्देश दिए गए। तथा समन्वयक हरीश दीवान ने मध्यान्ह भोजन चखना पंजी निरीक्षण के साथ मध्यान्ह भोजन चखा एवं गुणवत्ता युक्त आहार के साथ-साथ बच्चों को अधिक से अधिक शुद्ध पेयजल पीने की सलाह दी।

# पावर प्लांट की एनओसी रद्द करें ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा ब्लाक के ग्राम के अलदा गांव में प्रस्तावित पावर प्लांट को पूर्व सरपंच और सचिव द्वारा कथित रूप से अवैध तरीके से कम्पनी को दी गई एनओसी को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। सोमवार को 500 से अधिक गांव के लोगो ने एसडीएम कार्यालय पहुँचकर जमकर हंगामा किया और चक्का जाम कर शासन, एसडीएम और तहसीलदार के विरोध में जमकर नारे लगाए। बावजूद कोई अधिकारी प्रदर्शनकरियो से मिलने सामने नही आया। इस बात को लेकर ग्रामीण भारी आक्रोशित है ,ग्रामीणों ने बताया की एसडीएम तिल्दा को पहले से ही धरना प्रदर्शन की जानकारी दी गई थी।

गौर तलब है की लगभग 1 साल पूर्व गांव में प्रस्तावित बालाजी स्पंज आयरन के द्वारा ग्राम पंचायत से एनओसी की मांग की गई थी। तभी से फैक्ट्री का विराध किया जा रहा है। उसके बाद दो बार और ग्राम सभा जिसमें एनओसी का प्रस्ताव पारित नहीं किया गया। बाद में पूर्व सरपंच के द्वारा प्रोसेडीग रजिस्टर में कूट रचनाकर कुछ पंचो और सचिव के साथ मिलकर कम्पनी से पैसे लेकर कंपनी के नाम एनओसी जारी कर दी। जब जनसुनवाई हुई तो लगभग 1300 लोगों ने आवेदन देकर इसका विरोध किया था और जनसुनवाई रद्द कर दी गई थी। साल भर बाद भी जब कार्रवाई नहीं की गई तो सोमवार को सुबह ग्राम अल्दा से लगभग सैकडों लोग ट्रैक्टरों में बैठकर एसडीएम कार्यालय पहुंच गए। ग्रामीणों में बड़ी संख्या में महिलाए शामिल थी।

सभी ने नारेबाजी करते तिल्दा कोटा मेन रोड पर चक्का जाम कर दिया। धरने में बैठी महिलाओं कुट रचनाकर एनओसी जारी की गई है उसे रद्द करें और उसे पर एफआईआर दर्ज की मांग की।

# नारा में भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया



**आरंग।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आज मंदिर हसौद मंडल के ग्राम नारा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 6 अप्रैल के इस विशेष दिन को कार्यकर्ताओं ने उत्सव की तरह मनाया और पूरे उत्साह के साथ भाजपा का झंडा फहराकर संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। इस गरिमामयी अवसर पर मंदिर हसौद मंडल के मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ ओबीसी मोर्चा के महामंत्री एवं नारा सहकारी समिति के अध्यक्ष त्रिलोचन साहू, भानसोज सहकारी समिति के अध्यक्ष जगमोहन यादव, भानसोज सरपंच जगमोहन बघेल, बीरेंद्र सेन और नारा बूथ अध्यक्ष उमेश धीवर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पार्टी की विकास यात्रा और उसकी विचारधारा पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के दम पर ही आज पार्टी इस शिखर पर पहुँची है।

# चाकू लहराकर गुंडागर्दी करते 3 युवकों को भेजा गया जेल



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा पुलिस ने आम जगह पर चाकू लहराकर राहगीरों को धमका रहे एक युवक को गिरफ्तार किया गया, दूसरी तरफ गुंडागर्दी और मारपीट के आरोप में तीन युवकों को पकड़कर प्रतिबंधाताम्क कार्रवाई कर चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है।तिल्दा पुलिस के द्वारा इन दिनों गुंडा पकड़ो अभियान चलाया जा रहा है.। पुलिस के द्वारा आम जगह पर गुंडागर्दी करने वाले सामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेजा जा रहा है।

रविवार को तिल्दा के वार्ड क्रमांक 22 अटल आवास के सामने एक युवक चाकू दिखा कर रहागीरों को धमका रहा था ।पुलिस को सूचना मिली तो तत्काल मौके पर पहुंच गई पुलिस को देखने के बाद युवक भागने की फिराक में था लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया ।आरोपी युवक का नाम घनश्याम माडले 19 साल है ।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसी तरह वार्ड क्रमांक 6 तिल्दा नेवरा एवं छपोरा चौक में जबरन लड़ाई झगड़ा कर गुंडागर्दी करने वाले तीन युवकों को बीएसएसएस की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय में पेश किया गया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 01.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनय चंद्राकर पिता/पति शत्रुहगन लाल चंद्राकर निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम नारा पटवारी हल्का नंबर 17 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 921, 923/3 रकबा 0.020, 0.010 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 09.03.2026 के परिपालन में दिनांक 16.04.2026 को समय 03:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 17 के नारा में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार क्रेता श्री दिलीप तिवारी, उम्र-30 वर्ष, पिता-श्री विनोद कुमार तिवारी, निवासी- एम.आई.जी.-125, श्री विहार कॉलोनी, राम पारा के पीछे, डी.डी.यू. नगर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा, विक्रेतागण 1. श्रीमती रत्ना गांगुली, पति स्व. श्री विश्वनाथ गांगुली, 2. श्री विवेक रंजन गांगुली, विप्लव रंजन गांगुली, दोनों पिता स्व. श्री विश्वनाथ गांगुली सभी निवासी- टैगोर नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से भूमिस्वामी हक, आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम - भाठागांव, प.ह.नं.- 00060, रा.नि.मं.- रायपुर-13-भाठागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) खसरा नंबर 118/14, रकबा 0.0940 (शून्य दशमलव शून्य नौ चार शून्य) हेक्टेयर को क्रय करने का मौखिक सौदा कर लिया गया है जो कि राजस्व अभिलेखो में उपरोक्त विक्रेतागणों के नाम से दर्ज हैं, जिसका बैनामा पंजीयन कराया जाना है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार में जिस किसी भी व्यक्ति, साहूकार, फर्म, संस्था, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 04 दिनों के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावें। समयावधि बीतने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध व शून्य समझी जाएगी तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होकर शून्य मानी जाएगी।

**अतः सूचना जाने बाबत्।**

**दिनांक : 06/04/2026**

**विवेक रंजन गांगुली एवं एम.ए. अंसारी**
**अधिवक्तागण**
**बार रूम नं.-4, कलेक्टोरेट परिसर,**
**सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 93000 90908, 79746 66903**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गणनात्मक विचार होगा सिलेबस का हिस्सा, छात्र जानेंगे-कैसे काम करता है इंस्टाग्राम व यूट्यूब का एल्गोरिद्म

## छात्रों की मातृभाषा में सिखाई जाएगी कोडिंग और डेटा एनालिसिस
## सरल विधि से सिखाएंगे गणित, ताकि अपग्रेड हो सकें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई संबद्ध स्कूलों में अब ब्लैकबोर्ड की जगह व्हाइटबोर्ड का इस्तेमाल किया जाएगा। तीसरी कक्षा से दसवीं कक्षा तक के लिए एआई और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग का नया कोर्स शुरू किया जा रहा है।

इसके अलावा एनसीईआरटी और सीबीएसई मिलकर क्षेत्रीय भाषाओं में भी पढ़ाई कराएंगे। सीबीएसई के अनुसार, रटने की प्रवृत्ति के स्थान पर अब जोर इस पर होगा कि बच्चा कितना बेहतर सोच सकता है और कैसे नई चीजें डिजाइन कर सकता है।

इस बड़े बदलाव का सबसे खास हिस्सा यह है कि अब टेक्नोलॉजी की पढ़ाई केवल गणित विषय में ही नहीं होगी। एनसीईआरटी और सीबीएसई मिलकर ऐसा सिलेबस तैयार कर रहे हैं, जिसे स्टूडेंट्स अपनी मातृभाषा में पढ़ और समझ सकेंगे।

चाहे कोडिंग हो या डेटा एनालिसिस, छात्र अपनी भाषा में दुनिया की आधुनिक तकनीक सीख सकेंगे। सीबीएसई नए सिलेबस से पढ़ाई का तरीका बदलने के साथ छात्रों को अपग्रेड करने की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है, तीसरी से आठवीं कक्षा तक के स्टूडेंट्स के लिए कम्प्यूटेशनल थिंकिंग अर्थात गणनात्मक विचार और एआई को सिलेबस का हिस्सा बना दिया गया है। फिलहाल इसे 6वीं से 8वीं तक लागू किया जा रहा है और अगले साल से 9वीं-10वीं के छात्र भी इसे पढ़ेंगे। इसे किसी अलग मुश्किल विषय की तरह नहीं, बल्कि गणित के साथ जोड़कर पढ़ाया जाएगा। इससे गणित का डर खत्म होगा और छात्र डेटा को सरलता से समझ सकेंगे।




### सिखाएंगे वैज्ञानिक की तरह सोचना

बोर्ड के अनुसार, विद्यार्थियों के संदर्भ में अक्सर यह शिकायत आती है कि वे परीक्षा के लिए रट्टा मारते हैं और बाद में सब भूल जाते हैं। इसका हल ढूंढते हुए अब पूरा फोकस क्रिटिकल थिंकिंग पर किया जा रहा है। अर्थात बच्चों को सवाल हल करने के लिए मशीन जैसा नहीं, बल्कि वैज्ञानिक जैसा सोचना सिखाया जाएगा। छात्र यह समझ सकेंगे कि मोबाइल में जो एल्गोरिद्म चल रहा है, वो काम कैसे करता है। इससे वे तकनीक के गुलाम नहीं, बल्कि उसके निर्माता बन सकेंगे।

### भाषायी ज्ञान के अभाव में पिछड़े

कई बार बच्चे सिर्फ इसलिए पीछे रह जाते थे क्योंकि टेक्नोलॉजी से जुड़े भारी-भरकम शब्द अंग्रेजी भाषा में होते थे। आज-कल के बच्चे सोशल मीडिया पर बहुत वक्त बिताते हैं। नए सिलेबस में बच्चों को सिखाया जाएगा कि इंस्टाग्राम या यूट्यूब के पीछे का एल्गोरिद्म उन्हें कैसे चीजें दिखाता है। इससे स्टूडेंट्स में डेटा की समझ बढ़ेगी और वे सोशल मीडिया का सही और सुरक्षित इस्तेमाल कर सकेंगे। सीबीएसई स्कूलों में अब ऐसी पढ़ाई पर जोर दिया जाएगा जो सीधे भविष्य की नौकरियों और जरूरतों से जुड़ी हो।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय वित्त मंत्री से राहत उपाय और टास्क फोर्स के गठन का किया आग्रह

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने पश्चिम एशिया में जारी संकट से भारत के व्यापार और उद्योग, विशेषकर छोटे व्यापारियों एवं एमएसएमई क्षेत्र पर संभावित प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की है। इसके साथ ही सरकार से समय रहते आवश्यक राहत एवं नीतिगत उपाय करने का आग्रह किया है। कैट राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंह देव, अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया, कैट ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भेजे पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सक्रिय एवं निर्णायक नेतृत्व सराहनीय है।

### मनीष बने साहू समाज आईटी सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी महामंत्री

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ (आईटी सेल प्रकोष्ठ) द्वारा मनीष कुमार साहू को फिर से महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश प्रभारी महामंत्री नियुक्त किया गया है। साथ ही अन्य 16 पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, आईटी सेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू तथा प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति एवं अनुमोदन से की गई है। वर्तमान में वे आकाशवाणी रायपुर से जुड़े हुए हैं और अपने विभिन्न दायित्वों के दौरान श्री साहू ने संगठन को मजबूत बनाने, जनसंपर्क को विस्तार देने तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस नियुक्ति पर समाज के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।



## पहले ग्राम पंचायत का रहे हिस्सा, अब रायपुर नगर निगम के वार्ड में शामिल

# बिजली, पानी, सफाई बड़ी समस्या, टैक्स ले रहे पर सुविधाएं गायब, पार्षदों के प्रस्ताव भी धूल खा रहे

**आउटर का हाल, पहले विकास शुल्क दिया, अब प्रॉपर्टी टैक्स के साथ यूजर चार्ज का कर रहे भुगतान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर के आउटर से लगे गांव हीरापुर, जरवाय, अटारी, फुंडहर, जोरा, लभांडी पहले ग्राम पंचायत का हिस्सा हुआ करते थे। साल 2020 में रायपुर नगर निगम में शामिल किया गया। लोगों में यह उम्मीद जागी कि उन्हें मूलभूत सुविधाएं सहजता से मिलेंगी और शहरवासियों की तरह उन्हें भी सुगम आवागमन के लिए पक्की सड़क, स्ट्रीट लाइट, गंदे पानी के निकास के लिए पक्की नाली, गली-मोहल्लों की नियमित सफाई के साथ ही रोज उनके घरों से कचरा उठेगा, पर नगर निगम को विकास शुल्क, प्रॉपर्टी टैक्स, यूजर चार्ज का भुगतान करने के बाद भी उन्हें मूलभूत सुविधाओं के लिए मुंह ताकना पड़ रहा है। इधर संबंधित वार्ड के पार्षदों का कहना है, जनता की मांग पर प्रस्ताव तैयार कर जोन के माध्यम से मुख्यालय भेजे हैं, स्वीकृति नहीं मिलने से काम शुरू नहीं हो पाया।






### पं. लालबहादुर शास्त्री वार्ड 1

शहर से लगे जोरा, फुंडहर, लभांडी गांव, जहां पूर्व में ग्राम पंचायत हुआ करती थी, उसे रायपुर नगर निगम में शामिल कर नगर निगम जोन 9 के पं. लाल बहादुरशास्त्री वार्ड में शामिल किया गया। इन गांवों में रहने वालों को मुरुम की कच्ची सड़की जगह पक्की सड़क, निकास के लिए मिट्टी के कच्चे नाली की जगह पक्की निकास नाली की सुविधा नहीं मिल पाई है। इससे बारिश के दिनों में रहवासी इलाकों में जलभराव की स्थिति निर्मित होती है। गंदे पानी का निकास के लिए पक्की नाली का निर्माण नहीं होने से नाली की गंदगी गलियों में बहते देर नहीं लगती। नगर निगम को रहवासी हर साल प्रॉपर्टी टैक्स भुगतान करते हैं, पर उनके घरों से नियमित रूप से कचरा उठाने गाड़ी नहीं आ रही। यही स्थिति फुंडहर की भाठापारा बस्ती, जोरा और फुंडहर के ग्रामीण इलाकों में देखी जा सकती है। वार्ड पार्षद रेणु जयंत साहू का कहना है, केवल मुख्य मार्ग पर ही पक्की सड़क की सुविधा है। गलियों में कच्ची सड़क और निकास नाली नहीं होने से परेशानी होती है। वार्ड एक्शन प्लान में प्रस्ताव भेजा गया है, स्वीकृति नहीं मिली।

### वीर सावरकर नगर वार्ड 2

वीर सावरकर नगर वार्ड में हीरापुर, अटारी, जरवाय गांव शामिल हैं। हीरापुर गांव के अंदर की सड़क संकरी, टूटी-फूटी हालत में है। गांववालों को अक्सर कच्ची मुरुम वाले रोड से होकर आना-जाना पड़ता है। नगर निगम में शामिल होने के बाद भी रहवासी इलाके की सड़क पक्की नहीं बन पाई। अटारी और जरवाय गांव में स्ट्रीट लाइट खराब होने की शिकायत पार्षद से लेकर गांव के रहवासी जोन और निगम मुख्यालय में करते रहे हैं, इसके बाद भी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को सुधारा नहीं जा रहा। हीरापुर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी की हालत बदतर है, निकास नाली की समुचित व्यवस्था नहीं है। अक्सर गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए नियमित रूप से यहां गाड़ियां नहीं भेजी जातीं। इससे रहवासी परेशान हैं। नगर निगम में शामिल होने के बाद भी यहां के रहवासियों को मूलभूत सुविधा नहीं मिल रही। निकास नाली और पक्की सड़क निर्माण के लिए वार्ड पार्षद संदीप साहू ने जोन के माध्यम से प्रस्ताव भेजा है।

### केस 3

### विप्रनगर, देवनगरी , इंद्रप्रस्थ रायपुरा, वृंदावन कॉलोनी

संत रविदास वार्ड के विप्रनगर, देवनगरी, सरोना के संजयनगर, इंद्रप्रस्थ रायपुरा कॉलोनी के रहवासी स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था नहीं होने से परेशान हैं। नगर निगम को यूजर चार्ज का भुगतान करने के बाद भी यहां के रहवासी इलाके में सफाई गाड़ी न समय पर पहुंचती है, न ही नियमित रूप से कचरा कलेक्शन की व्यवस्था है। जबकि रहवासियों के द्वारा हर साल यूजर चार्ज का भुगतान प्रापर्टी टैक्स के साथ नियमित रूप से किया जा रहा है। यही नहीं, इन इलाकों में पक्की सड़क और निकास नाली की मांग करने के बाद भी नगर निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। प्रकाश व्यवस्था के लिए कुछ जगह स्ट्रीट पोल लगाए गए हैं, पर कई खंबों में लाइट अरसे से बंद पड़ी है। इसी तरह रायपुरा के बघवा तालाब क्षेत्र में नगर निगम द्वारा अमृत मिशन के तहत बनाए गए गार्डन के सामने लगाई गई लाइटें एक अरसे से बंद हैं। शिकायत के बाद भी संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। इसके चलते रहवासी इलाके के आसपास अंधेरा छाया हुआ है। बांस टाल और देवनागरी से विसर्जन कुंड वाले इलाके में भी स्ट्रीट लाइट के लिए पोल नहीं लगने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह माधवराव सप्रे वार्ड के रायपुरा स्थित देवांगन बाड़ी, श्रीराम चौक में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए रामकी की गाड़ी की टाइमिंग सही नहीं होने से लोगों को असुविधा हो रही है।

# शारदा चौक चौड़ीकरण के लिए जनमत जुटाने उतरी कांग्रेस

## पूर्व महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में वृहद हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के प्रमुख यातायात मार्गों में शामिल शारदा चौक के लंबे समय से लंबित चौड़ीकरण कार्य को लेकर सोमवार को पूर्व महापौर एजाज ढेबर के नेतृत्व में वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। नवीन मार्केट स्थित खूबचंद बघेल की प्रतिमा के सामने आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर अपनी सहमति दर्ज कराई और जल्द से जल्द चौड़ीकरण कार्य शुरू करने की मांग उठाई।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन, प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल, पूर्व एमआईसी अजीत कुकरेजा, सुंदर जोगी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कहा, शारदा चौक पर लगातार बढ़ता ट्रैफिक दबाव शहरवासियों के लिए गंभीर समस्या बन चुका है, लेकिन इसके समाधान के लिए वर्तमान सरकार द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।




### कांग्रेस सरकार के समय स्वीकृत हुई थी राशि : ढेबर

पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने कहा, पूर्व कांग्रेस सरकार ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए राशि स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ करने की दिशा में पहल की थी, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार में यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। उन्होंने कहा, ट्रिपल इंजन सरकार होने के बावजूद यदि शहर के सबसे जरूरी यातायात समाधान को भी नजरअंदाज किया जा रहा है तो यह सरकार की प्राथमिकताओं और कार्यशैली पर बड़ा सवाल है।

### ज्ञान भारतम मिशन अंतर्गत पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान की शुरुआत

**रायपुर।** ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत जिले में पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़पत्रों एवं हस्तलिखित ग्रंथों का संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण करना है, ताकि देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखा जा सके। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि प्राचीन पांडुलिपियां, ताड़पत्र और हस्तलिखित ग्रंथ हमारी संस्कृति के अमूल्य खजाने हैं। इनके संरक्षण और पहचान में आमजन की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि यदि उनके पास किसी भी प्रकार की प्राचीन पांडुलिपि, ताड़पत्र या हस्तलिखित ग्रंथ उपलब्ध हैं तो उसकी जानकारी संबंधित विभाग को अवश्य प्रदान करें, ताकि उन्हें सुरक्षित संरक्षित किया जा सके और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके।

### दोपहर में मोटी-मोटी बूंदें, फिर निकल आई धूप

**रायपुर।** सुबह की धूप के बाद दोपहर बादल छाए और कुछ देर तक मोटी-मोटी बूंदे गिर पड़ी और थोड़े अंतराल के बाद पुनः धूप निकल आई। धूप, बारिश और नमी के कारण वातावरण में चिपचिपाहट मौजूद है। मंगलवार को भी प्रदेश के मौसम में बदलाव रहने की उम्मीद है। 9 अप्रैल के बाद पारा चढ़ने से एक बार फिर गर्मी के वापस लौटने की उम्मीद है। पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका और चक्रवाती घेरा के प्रभाव से राज्य का मौसम बदला हुआ है। सोमवार को शहर में बदलाव की अलग स्थिति देखने को मिली। सुबह धूप का प्रभाव अधिक था जिससे प्रतीत हो रहा था गर्मी थोड़ा सताएगी। दोपहर तक ऐसी स्थिति बनी रही जिसके बाद अचानक बादल छा गए और हवा की गति बढ़ने के साथ कुछ देर तक बड़ी-बड़ी बूंदों की बौछारें पड़ी। इसके बाद कुछ देरी हल्की बारिश हुई और पुनः धूप निकल आई।

## निधन

### मौसमी देवी अग्रवाल

**रायपुर।** वीर सावरकर नगर हीरापुर निवासी मौसमी देवी अग्रवाल का 6 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 अप्रैल को सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संजय, अनिल व राकेश अग्रवाल की माता थीं।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic — Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

JOSPO FEEL THE ENERGY
शीतल कूलर के निर्माता
डक्टिंग कूलर, हॉल वर्कशॉप, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार
कूलर हाउस
Sunday Open
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर

### आम सूचना

जारी दिनांक 01.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनय चंद्राकर पिता/पति शत्रुहगन लाल चंद्राकर निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम नारा पटवारी हल्का नंबर 17 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 921, 923/3 रकबा 0.020, 0.010 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 09.03.2026 के परिपालन में दिनांक 16.04.2026 को समय 03:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नम्बर 17 के नारा में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मन्दिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ती पर विचार किया जाना सम्भव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**मंदिर हसौद**

### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार क्रेता श्री दिलीप तिवारी, उम्र-30 वर्ष, पिता-श्री विनोद कुमार तिवारी, निवासी- एम.आई.जी.-125, श्री विहार कॉलोनी, राम पारा के पीछे, डी.डी.यू. नगर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा, विक्रेतागण 1. श्रीमती रत्ना गांगुली, पति स्व. श्री विश्वनाथ गांगुली, 2. श्री विवेक रंजन गांगुली, विप्लव रंजन गांगुली, दोनों पिता स्व. श्री विश्वनाथ गांगुली सभी निवासी- टैगोर नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से भूमिस्वामी हक, आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम - भाठागांव, प.ह.नं.- 00060, रा.नि.मं.- रायपुर-13-भाठागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) खसरा नंबर 118/14, रकबा 0.0940 (शून्य दशमलव शून्य नौ चार शून्य) हेक्टेयर को क्रय करने का मौखिक सौदा कर लिया गया है जो कि राजस्व अभिलेखो में उपरोक्त विक्रेतागणों के नाम से दर्ज हैं, जिसका बैनामा पंजीयन कराया जाना है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार में जिस किसी भी व्यक्ति, साहूकार, फर्म, संस्था, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 04 दिनों के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज मेरे कार्यालय में आकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावें। समयावधि बीतने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध व शून्य समझी जाएगी तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होकर शून्य मानी जाएगी।

**अतः सूचना जाने बाबत्।**

**दिनांक : 06/04/2026**

**विवेक रंजन गांगुली एवं एम.ए. अंसारी**
**अधिवक्तागण**
**बार रूम नं.-4, कलेक्टोरेट परिसर, सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 93000 90908, 79746 66903**

# भाजपा का गांव चलो अभियान आज से, डिप्टी सीएम विजय कवर्धा और किरण देव बस्तर के एक गांव जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा का गांव चलो अभियान मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री, विधायक, सांसदों के साथ प्रदेश भाजपा के बड़े से लेकर छोटे नेता भाजपा के स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान में गांव-गांव तक जाएंगे और वहां पर ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे।

पहले दिन डिप्टी सीएम विजय शर्मा कवर्धा के किसी गांव और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव बस्तर के किसी गांव में जाएंगे। मुख्यमंत्री का दिल्ली प्रवास से लौटने बाद कार्यक्रम बनेगा। कार्यक्रम 12 अप्रैल तक चलेगा। जो मंत्री चुनावी राज्यों में हैं, उनका कार्यक्रम वहां से लौटने पर बनेगा।

भाजपा के स्थापना दिवस से पखवाड़ेभर तक भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने अलग-अलग कार्यक्रम तय किए हैं। इसमें सबसे बड़ा कार्यक्रम गांव चलो अभियान है। इस अभियान में मुख्यमंत्री से लेकर छोटे कार्यकर्ताओं को भी गांवों तक जाना है। गांव में चौपाल लगाकर वहां पर ग्रामीणों से संवाद करना है। ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा जाएगा। साथ ही समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। इसी के साथ केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में भी बात की जाएगी कि उनको इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री, प्रदेश के मंत्री, विधायक और सांसद अपने-अपने क्षेत्र के ही किसी गांव में जाएंगे। इसी के साथ प्रदेश भाजपा संगठन के पदाधिकारी, जिलों के पदाधिकारी, मोर्चा और प्रकोष्ठ के भी पदाधिकारी इस अभियान में शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री का दिल्ली से लौटने के बाद तय होगा गांव जाने का कार्यक्रम

### हर नेता को एक गांव में जाना है

हर विधानसभा में 50 गांवों का चयन किया गया है। इससे ज्यादा गांव भी किसी विधानसभा में हो सकते हैं। इन चयनित गांवों तक ही प्रदेश के नेता जाएंगे और वहां पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इसी के साथ गांवों में भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात की जाएगी। प्रदेश के मंत्री, विधायक, सांसद और भाजपा नेता अपने-अपने क्षेत्र के किसी भी एक गांव में एक दिन के लिए जाएंगे।



## खबर संक्षेप



### यादव समाज के उत्थान और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा

**रायपुर।** कमल विहार रायपुर स्थित त्रिपुर यात्रा सेवा समिति के सभागार में रविवार को छत्तीसगढ़ यादव शासकीय सेवक संघ की उप-समिति, एकादश उत्थान यादव कल्याण संघ की बैठक हुई। बैठक में समाज के उत्थान और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य वक्ता सुरेश कुमार यादव ने संघ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज के प्रत्येक परिवार से न्यूनतम 11 रुपए प्रतिमाह सहयोग राशि देने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि 10 लाख परिवारों के इस छोटे-से योगदान से एक बड़ी सामाजिक पहल को मूर्त रूप दिया जा सकता है। इस राशि से प्रदेश स्तर पर यादव समाज का विस्तृत डेटा तैयार किया जाएगा तथा 20 से 25 एकड़ क्षेत्र में "यादव मल्टीस्पेशलिटी कम्युनिटी सेंटर" का निर्माण किया जाएगा।

### नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई



**रायपुर।** शहर में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा लगातार नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक डीसीपी विकास कुमार पुलिस के निर्देश पर राजधानी के अलग-अलग स्थानों में पुलिस ने शराब पीकर वाहन चला रहे 129 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### चोरी के आरोप में दो नाबालिग धरे गए



**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने प्रोफेसर कॉलोनी निवासी नरेंद्र पटेल की शिकायत पर उसकी दुकान से नकदी 30 हजार रुपए कैश सहित पान मसाला चोरी करने के आरोप में दो नाबालिगों को गिरफ्तार कर नकदी 30 हजार रुपए जब्त किए हैं। शातिरों ने दो-तीन अप्रैल की दरमियानी रात दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

## रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का 17 करोड़ का प्रोजेक्ट

# महराजबंध, खोखो और नरैया तालाब में नहीं जाएगी गटर की गंदगी, एसटीपी तैयार


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के ऐतिहासिक महराजबंध तालाब, खोखो तालाब और नरैया तालाब में अब गटर की गंदगी नहीं जाएगी, गंदे पानी को साफ करने तीन स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार है। पखवाड़ेभर में महाराजबंध तालाब में स्थापित एसटीपी की टेस्टिंग शुरू हो जाएगी। इसके बाद बारी-बारी से खोखो और नरैया तालाब में स्थापित एसटीपी का ट्रायल शुरू होगा। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 17 करोड़ में शहर के तीन स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने पुणे की समृद्धि वाटर वर्क एजेंसी को जिम्मा दिया था। अनुबंधित एजेंसी को 18 माह के की समय अवधि में यह काम पूरा करना था, पर एक साल तक साइट क्लीयर नहीं होने और अनुबंधित एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य में लेटलतीफी के चलते सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम पूरा होने में चार साल का समय लग गया।

दरअसल रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने राजधानी के 3 तालाबों का भूजल स्तर बनाए रखने ओर गंदे पानी के शुद्धिकरण करने 17 करोड़ में 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने ऑनलाइन टेंडर के बाद पुणे की एजेंसी समृद्धि वाटर वर्क को ठेका दिया। अनुबंध की शर्त में निर्माण के बाद 5 साल तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन, संधारण करना शामिल है। शहर के महामाया मंदिर वार्ड स्थित महराजबंध तालाब में 3 नालों का गंदा पानी तालाब के जल को दूषित करता है। इनमें वीरभद्र नगर, बूढ़ातालाब नाला और पुलिस लाइन की तरफ से पुजारी पार्क से क्रॉस होने वाले नाला शामिल है। गंदे पानी को प्लांट से उपचारित कर वापस तालाब में छोड़ने 3 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। वहीं टिकरापारा क्षेत्र के नरैया तालाब में मिलने वाले गंदे पानी को साफ करने 1 एमएलडी और खोखो तालाब में सीधे गिरने वाले नाले-नालियों के गंदा पानी को साफ कर वापस तालाब में छोड़ने 1 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने का कार्य शामिल है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा एसटीपी निर्माण कार्य अपेक्षा के अनुरूप समय पर पूरा नहीं होने पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अनुबंधित एजेंसी को फटकार लगाते हुए नोटिस भी जारी किया। इसके बाद भी एसटीपी निर्माण के काम तेजी नहीं आने पर महराजबंध एसटीपी में 16 लाख, नरैया तालाब एसटीपी में 8 लाख और खोखो तालाब के एसटीपी निर्माण में देरी पर 8 लाख की पेनाल्टी भी लगाई।

## 18 माह में पूरा होना था काम, ठेका एजेंसी ने लगा दिए 4 साल



### पानी साफ करने एसटीपी तैयार बढ़ेगा तालाब का जलस्तर



### तालाब में ऑक्सीजन की मात्रा कम, इसलिए एसटीपी जरूरी

5 वर्ष पूर्व शहर के 14 तालाबों के पानी की जांच में ऑक्सीजन की मात्रा बेहद कम पाई गई। तालाबों के पानी में घुलनशील आक्सीजन की मात्रा 6 मिलीग्राम प्रति लीटर होनी चाहिए, लेकिन जांच के बाद इन तालाबों के पानी में ऑक्सीजन की मात्रा निर्धारित मानक से कम पाई गई। राजातालाब का पानी सबसे गंदा मिला था, यहां घुलनशील ऑक्सीजन की मात्रा 0.39 मिलीग्राम पाई गई। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय एजेंसी पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान नीरी, भोपाल हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की संयुक्त टीम ने शहर के तालाबों में पानी का सैंपल लिया था। पानी के नमूनों की जांच नागपुर स्थित लैब में कराई गई। उस समय जिन तालाबों के पानी की जांच कराई गई, उसमें राजातालाब, टिकरापारा क्षेत्र के नरैया तालाब, सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित कटोरा तालाब, पहलदवा तालाब, खोखो तालाब, आमापारा के कारी तालाब, धोबी तालाब, आमापारा तालाब, रामकुंड तालाब, कंकाली तालाब, बंधवा तालाब और डूमरतराई तालाब शामिल रहे।

# सीएम साय बोले- भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ भाजपा के स्थापना दिवस पर ठाकरे परिसर में पार्टी का झंडा फहराया

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। भारतीय जनता पार्टी सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। यह किसी परिवार, जाति या वर्ग विशेष की पार्टी नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को जोड़ने वाला संगठन-सूत्र है। भारत के सांस्कृतिक मूल्य, हमारी निष्ठाएं और भारत को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने का संकल्प और साथ ही यह आत्मविश्वास कि अपने पुरुषार्थ से हम इस लक्ष्य को अर्जित करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को अपने 47वें स्थापना दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की। 6 से 12 अप्रैल तक आयोजित इन कार्यक्रमों की कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा प्रदेश कार्यालय (कुशाभाऊ ठाकरे परिसर) में भाजपा के स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने भाजपा के पितृ पुरूषों के प्रतिमाओं को नमन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। श्री साय ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है जो अपने कार्यकर्ताओं के लगातार कठोर परिश्रम एवं हमारे पितृ पुरूषों के त्याग से संभव हुआ है। पार्टी कार्यकर्ताओं को देवतुल्य बताते हुए श्री साय ने कहा, उनके समर्पण और नेतृत्व के कारण ही पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनी है और छत्तीसगढ़ लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारा देश निरंतर प्रगति और विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद के समापन के साथ ही विकास की गति और तीव्र करेगी। विकसित छत्तीसगढ़ की शुरुआत हो चुकी है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, रंजना साहू, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, श्यामबिहारी जायसवाल, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मखमूर खान, रायपुर ग्रामीण जिला प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस कमिश्नरेट के एनएटीएफ अजाक सहित 15 थानों के टीआई बदले ज्यादातर लाइन से थाने पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ 22 निरीक्षकों का तबादला आदेश जारी

■ पांच को ट्रैफिक तथा दो को कंट्रोल रूम, डीसीबी का प्रभार

पुलिस कमिश्नरेट के 21 थानों में से 13 थानों के टीआई का पुलिस कमिश्नर ने तबादला आदेश जारी किया है। साथ ही पांच ट्रैफिक थानों के टीआई का पुलिस कमिश्नर ने तबादला आदेश जारी किए हैं। पुलिस कमिश्नर ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से 22 टीआई के तबादला आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना में कार्यभार ग्रहण करने पुलिस कमिश्नर कार्यालय द्वारा निर्देश दिए गए हैं। पुलिस रक्षित केंद्र से जिन टीआई को थाने की जिम्मेदारी दी गई है, उनमें जितेंद्र जायसवाल को खमतराई, अजय झा को तेलीबांधा और शक्ति सिंह को मौदहापारा, रितेश मिश्रा आजाद चौक, गौतमचंद्र गवड़े डीडीनगर, दीपेंद्र कुमार सैनी देवेंद्र नगर, गगन बाजपेयी कबीर नगर, अजरुद्दीन राजेंद्र नगर, राजेश कुमार मरई टिकरापारा थाने के टीआई बनाए गए हैं। टिकरापारा थाने में पदस्थ विनय सिंह बघेल को पुरानी बस्ती थाने की जिम्मेदारी दी गई है। कबीर नगर से शिवनारायण सिंह को पंडरी थाना, पंडरी थाने में पदस्थ स्वराज त्रिपाठी को गोलबाजार और आजाद चौक के अजीत सिंह राजपूत को सरस्वती नगर थाने की जिम्मेदारी दी गई है। डीडीनगर थाने के टीआई रविंद्र यादव अजाक थाने के टीआई बनाए गए हैं।

### *ट्रैफिक थानों में इन टीआई की पदस्थापना*

*खमतराई थाने के टीआई राजेश सिंह को ट्रैफिक थाने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह मनोज साहू आजाक थाने के टीआई बनाए गए। रक्षित केंद्र से पारसराम पटेल, अमितेश कुमार कौशिक तथा राकेश ठाकुर का ट्रैफिक थाने तबादला किया गया है। सुनील दास एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के प्रभारी बनाए गए हैं। सरस्वती नगर टीआई नरेंद्र साहू कंट्रोल रूम प्रभारी, ढालूदास मानिकपुरी ट्रैफिक से डीसीबी प्रभारी बनाए गए।*

## मंत्रियों को सद्बुद्धि मिले...

# डीएड अभ्यर्थियों ने दंडवत होकर की प्रार्थना



■ पूजा-अर्चना कर आरती भी की

■ धरनास्थल पर अनूठा प्रदर्शन

**रायपुर।** डीएड अभ्यर्थियों ने सोमवार को सहायक शिक्षकों के 2300 खाली पड़े पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर अनूठा प्रदर्शन किया। नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदेश के 14 कैबिनेट मंत्रियों के मुखौटे के सामने दंडवत प्रणाम करते हुए पूजा-अर्चना की। साथ ही मंत्रियों की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। छत्तीसगढ़ डीएड अभ्यर्थी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के चयनित डीएड अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर 104 दिनों से अलग-अलग तरीके से शासन का ध्यान आकर्षित कराने आंदोलन कर रहे हैं। अनिश्चितकालीन आमरण अनशन के जरिए वे अपने लंबित मांग को शासन तक पहुंचाने धरनास्थल पर डटे हुए हैं। आंदोलन कर रहे डीएड अभ्यर्थियों का कहना है यदि जल्द ही उनकी नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई तो वे आगे बड़े स्तर पर आंदोलन करने बाध्य होंगे। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आंदोलन करने बाद भी उन पर झूठे केस दर्ज किए गए। 3 बार सेंट्रल जेल भेजा गया, इसके बाद भी उनका आंदोलन जारी है।

# चुनाव की मांग लेकर एक वक्त पर घेरे गए रविवि, आयुष व कृषि विवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छात्रसंघ चुनाव की मांग लेकर एनएसयूआई ने सोमवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया। इसके अंतर्गत प्रदेशभर के शासकीय विश्वविद्यालयों को घेराव किया गया। राजधानी में पं.रविशंकर शुक्ल विवि, इंदिरा गांधी कृषि विवि और आयुष विवि का घेराव सोमवार अपरान्ह किया गया। रविवि में मुख्य द्वार से प्रारंभ हुई रैली को प्रशासनिक भवन पहुंचने के पूर्व ही पुलिस ने रोक लिया।

एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि सरकार एवं विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की समस्याओं के प्रति उदासीन हैं, जिसके चलते छात्रों को अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। यदि जल्द ही चुनाव की घोषणा नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। रविवि के घेराव में प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय, जिलाध्यक्ष शांतनु झा, अमित शर्मा, प्रशांत गोस्वामी, संकल्प मिश्रा, विवेक यदु, रितेश दीक्षित, महताब हुसैन, विशाल कुकरेजा, हरिओम तिवारी, वैभव मुंजेवर, पुनेशवर लहरे, अंकित पांडेय, भक्तेश्वर वैष्णव, ओज प्रकाश समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और छात्र मौजूद रहे।

## अन्य जिलों में भी हुए प्रदर्शन, प्रदेशभर के शासकीय विवि का घेराव



### छात्रों ने फांदी दीवार

आयुष विवि में भी छात्रों ने अपनी ताकत दिखाई। यहां एनएसयूआई के धमतरी जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में घेराव व प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन को देखते हुए यहां भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात थी, लेकिन छात्रों ने दीवार फांद ली। विवि के बाउंड्री वॉल पर चढ़े छात्रों को नीचे उतारने में पुलिस बल को मशक्कत करनी पड़ी। वहीं इंदिरा गांधी कृषि विवि में संगठन महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में घेराव किया गया।

### छात्रों से भयभीत सरकार

छात्रसंघ चुनाव लोकतंत्र की नींव हैं और इन्हें रोका जाना छात्रों के अधिकारों का हनन है। बीजेपी सरकार जानबूझकर छात्रसंघ चुनाव नहीं होने दे रही है, क्योंकि उसे छात्रों का भय है। **-शांतनु झा,** जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

**बदमाशों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई : रायपुर।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कुल 64 आरोपियों तथा हुक्का एवं उससे संबंधित सामग्री की बिक्री करने वाले 11 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। दो के खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं 12 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। नार्थ जोन डीसीपी मयंक गुर्जर के निर्देश पर संबंधित थानों की पुलिस ने कार्रवाई की है।



टैक्सी चाहिए
रायपुर शहर से अभनपुर में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

# सम्मानजनक मृत्यु और संस्कार का अधिकार बहाल करा रहा हाईकोर्ट, मुक्तिधामों के लिए 188 करोड़ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए मुक्तिधामों की बदहाली सुधारने के संबंध में कहा था कि भारतीय अनुच्छेद-21 के तहत मौलिक अधिकारों में सम्मानजनक मृत्यु और संस्कार का अधिकार शामिल है।

यद्यपि पूरे राज्य में मुक्तिधाम वह स्थान है, जिसे सबसे कम प्राथमिकता दी जाती है, का उल्लेख करते हुए पंचायतों-निकायों में स्थित मुक्तिधाम की व्यवस्था सुधार करने के निर्देश दिए गये थे। हाईकोर्ट के इस आदेश के पालन के लिए राज्य के 49 निकायों में मुक्तिधामों की बदहाली सुधारने के लिए शासन ने 188 करोड़ रुपए की पहली किस्त 49 नगरीय निकायों को जारी की है। इस प्रक्रिया से हाईकोर्ट की पहल पर सम्मानजनक मृत्यु और संस्कार के अधिकार की बहाली नजर आ रही है।



*सरकार ने जारी की 188 करोड़ की पहली किस्त : हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के 49 नगरीय निकायों के मुक्तिधामों की व्यवस्था सुधारने के लिए 188 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जारी कर दी है। इसके साथ ही जो शर्तें रखी गई हैं, उसमें प्रमुखता से कहा गया है कि उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश का परिपालन करना सुनिश्चित करें।*

*आदर्श मुक्तिधाम में हों ये सुविधाएं : नगरीय निकायों में मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर की आवश्यक साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें। समय-समय पर मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई, आवश्यक सफाईकर्मी लगाकर की जाए। नगरीय निकाय द्वारा इसका नियमित पर्यवेक्षण किया जाए। मुक्तिधाम परिसर के चारों ओर वृक्षारोपण के माध्यम से ग्रीन फेंसिंग लगाया जाना सुनिश्चित करें। जिन निकायों में डीएनएफ एवं अन्य सीएसआर की राशि उपलब्ध है, वहां लोहे की कंटीली तार के माध्यम से फेंसिंग कराई जाए। मुक्तिधाम परिसर में पूर्व से निर्मित प्लेटफार्म शेड, बैठक स्थान आदि की मरम्मत निकाय में उपलब्ध राशि या स्वयं के कर राजस्व मद से तत्काल कराना सुनिश्चित करें। मुक्तिधाम में एक हैंडपंप की व्यवस्था की जाए तथा मुक्तिधाम में आवश्यकतानुसार प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी नगरीय निकायों में कम से कम एक मुक्तिधाम शेड एवं प्रतीक्षालय की स्वीकृति दी जाए। इस हेतु प्रस्ताव तत्काल भेजना सुनिश्चित किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) से मुक्तिधाम परिसर में 2 शौचालय (पुरुष एवं महिला) की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए।*

### ये है मामला

उच्च न्यायालय के प्रकरण क्रमांक में पिछले साल सितंबर 2025 में मुक्तिधामों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने संबंधी मामले की सुनवाई करते हुए एक आदर्श मुक्तिधाम में सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आदेश जारी किया था। इस आदेश के परिपालन में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के 49 मुक्तिधामों की व्यवस्था सुधारने के लिए 188 करोड़ रुपए पहली किस्त के रूप में जारी किए हैं। आदेश में कहा गया था कि भारतीय अनुच्छेद-21 के तहत मौलिक अधिकारों में सम्मानजनक मृत्यु और संस्कार का अधिकार शामिल है। यद्यपि पूरे राज्य में मुक्तिधाम वह स्थान है, जिसे सबसे कम प्राथमिकता दी जाती है, का उल्लेख करते हुए पंचायतों, निकायों में स्थित मुक्तिधाम की व्यवस्था सुधार करने निर्देश दिए थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04



कॉलेज की पढ़ाई के लिए दूसरे ....

## लाइव इवेंट

### समय पर जांच और जीवनशैली में सुधार से सभी तरह के कैंसर जोखिम होंगे कम



**रायपुर।** सोमवार को गाइनेक ऑन्कोलॉजी अपडेट-2026 में देशभर से आए विशेषज्ञों ने स्त्रीरोग कैंसर एवं स्तन कैंसर के आधुनिक प्रबंधन पर गहन चर्चा की। यह कार्यक्रम चिकित्सा जगत के लिए महत्वपूर्ण रहा, जिसमें 7 राष्ट्रीय एवं 50 से ज्यादा क्षेत्रीय विशेषज्ञों ने भाग लेकर अपने अनुभव, शोध एवं नवीनतम उपचार पद्धतियों को साझा किया। इस सम्मेलन में 300 से अधिक प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें प्रमुख रूप से स्त्रीरोग विशेषज्ञ, पैथोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट एवं अन्य चिकित्सा पेशेवर शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में सर्वाइकल कैंसर, ओवेरियन कैंसर, एंडोमेट्रियल कैंसर एवं स्तन कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों जैसे स्क्रीनिंग, वैक्सीनेशन, प्रारंभिक पहचान, आधुनिक सर्जरी, कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरेपी पर विस्तार से चर्चा की गई।

विशेषज्ञों ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर को एचपीवी वैक्सीन व नियमित स्क्रीनिंग द्वारा काफी हद तक रोका जा सकता है। इसके साथ ही स्तन कैंसर की प्रारंभिक पहचान से उपचार की सफलता दर बहुत अधिक होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में जागरूकता, समय पर जांच एवं जीवनशैली में सुधार से कैंसर के जोखिम को कम किया जा सकता है।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सिंधियत रत्न से सम्मानित हुईं संस्थाएं



**रायपुर।** सहयोग एक सामाजिक संस्था की ओर से वृंदावन हॉल में सिंधियत रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें 63 संस्थाओं मे सिंधी महापंचायत, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत, बढ़ते कदम, एक पहल और, सेवा पथ, सारथी ग्रुप समेत हिंदी राष्ट्रीय मंच समेत आदि संस्थाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान सबसे पहले झूलेलाल भगवान की आरती हुई। इसके बाद समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का परिचय दिया गया। कार्यक्रम में सम्मानित लोगों ने सभी को समाज में सेवाभाव का महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित संत उदयलाल ने सभी को सम्मानित किया। मंच संचालन किशोर आहूजा ने किया। कार्यक्रम में श्रीचंद सुंदरानी, चंदर देवानी, महेश खिलनानी, अंकित अरोरा, मनीष थरानी, मनोहर डेंगवानी, मनोहर टंकरानी, सहयोग ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे।

● राज्य खादी बोर्ड द्वारा तैयार मॉर्डन डिजाइनर ड्रेस मटेरियल्स बन रहे हर वर्ग की पसंद

# खादी फैशन का क्रेज बढ़ाने, लीलेन जैसी ट्रांसप्रेंट फेब्रिक ऑर्गेनिक प्रिंट वाली साड़ियां और शर्ट कर रहे डिजाइन

> शहर के युवाओं में खादी फैशन को लेकर जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। शादी, पार्टी, कॉलेज वोकेशन के साथ-साथ डेली रूटीन में भी यंगेस्टर खादी के डिजाइनर आउटफीट को अपने वार्डरोब के कलेक्शन में जगह दे रहे हैं। खादी ड्रेस मटेरियल एक समय तक केवल सीनियर सिटीजन की पसंद हुआ करता था, पर अब यह हर वर्ग की पसंद बन गई है। ऐसे में युवाओं में खादी फैशन का क्रेज बढ़ाने राज्य खादी तथा ग्रामोद्योग द्वारा खादी ड्रेस मटेरियल्स की कड़ाई-बुनाई में नया प्रयोग किया जा रहा है।

**रायपुर।** खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के सहायक संचालक डमरूधर पटेल ने बताया कि लगातार युवाओं में खादी ड्रेस मटेरियल्स की डिमांड बढ़ती जा रही है। इसकी वजह कुछ साल से बोर्ड के द्वारा खादी फेब्रिक की डिजाइन में किए जा रहे नवाचार है। इस नवाचार के अंतर्गत लीलेन के मुकाबले एक सूती धागे से ट्रांसप्रेंट खादी कपड़ा डिजाइन किया जा रहा है। इसके साथ ही इन कपड़ों पर आर्गेनिक प्रिंट किए जा रहे हैं। इससे डिजाइनर खादी के आउटफीट डिजाइन हो रहे हैं। इसमें ट्रांसप्रेंट फेब्रिक, ऑर्गेनिक प्रिंट वाली साड़ियां और शर्ट, कुर्ता, कुर्तियां विभिन्न प्रकार के मॉडर्न ड्रेस मटेरियल्स व आउटफिट डिजाइन किए जा रहे हैं, जो युवाओं सहित सभी वर्ग को खूब पसंद आ रहा है।





### इन शहरों से बनकर आ रहे ड्रेस मटेरियल्स

बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश भर में 9 जगहों से खादी के ड्रेस मटेरियल्स तैयार होकर विक्रय केंद्र में आ रहे हैं। इनमें तिफरा, बिलासपुर, कुंवरगढ़, सारागांव, भगत देवरी प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग केंद्र शामिल हैं। प्रदेश भर के इन उत्पादन केंद्रों में खादी के सलवार सूट कपड़ा, दुपट्टा, जैकेट्स, कुर्ता-पजामा, गमछा, रूमाल आदि की बुनकारी किया जा रहा है। प्रदेश भर के कुल 9 उत्पादन केंद्रों में करीब 800 कत्तीन व बुनकर कार्य कर रहे हैं।



### 170 रुपए मीटर के कपड़े और 7000 तक की साड़ियां

*शहर के कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती स्थित बोर्ड के खादी विक्रय केंद्र के वाइस मैनेजर माही कुर्रे ने बताया कि विक्रय केंद्र में गर्ल्स, ब्यॉज से लेकर महिला व पुरुष सभी वर्ग के लिए खादी के डिजाइनर व पारंपरिक आउटफिट उपलब्ध हैं। इनमें ट्रांसप्रेंट कुर्ता, डिजाइनर शर्ट, कुर्ती, टॉप, कोटी, आर्गेनिक प्रिंट की साड़ियां, थान कपड़े उपलब्ध हैं। विक्रय केंद्र में 170 रुपए से लेकर 800 रुपए प्रति मीटर तक कीमत की खादी के कपड़ा ड्रेस मटेरियल्स और 7000 रुपए तक की खादी की साड़ियां ग्राहकों के लिए कलेक्शन किया गया है।*

### गुजरात के अम्बा चरखा से कर रहे बुनाई

बोर्ड के सहायक संचालक ने बताया कि प्रदेश के खादी उत्पादन केंद्रों में खादी की बुनाई के लिए गुजरात के गोंडल प्रांत से अम्बा चरखा आता है। इसमें 8 तकवा चरखा का इस्तेमाल सबसे ज्यादा किया जा रहा है। इनके इस्तेमाल कर ही कत्तीन व बुनकर खादी फेब्रिक की डिजाइनर फेब्रिक्स तैयार कर रहे हैं। इससे तेज गति से उन्नत क्वालिटी का खादी ड्रेस मटेरिलयल्स तैयार करने में काफी मदद मिल रही है।

### 3 नए विक्रय केंद्र खोले जा रहे

बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि खादी ड्रेस मटेरियल्स का बढ़ते डिमांड को देखते हुए प्रदेश के दुर्ग, रायगढ़ और अंबिकापुर में तीन नए विक्रय केंद्र खोले जा रहे हैं। यह विक्रय केंद्र इस साल के अंत तक संचालित होने लगेंगे। विक्रय केंद्र की भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। इस विक्रय केंद्रों के खुलने से इन जिलों के युवाओं को उनके शहर में ही खादी के ड्रेस मटेरियल्स उपलब्ध होंगे।

T3 Team | Trust | Technology
अंधत्व मुक्त छत्तीसगढ़
रोशन छत्तीसगढ़
Major Highlights
20 ज़िले | 10 लाख संतुष्ट मरीज़ | 03 लाख सफल सर्जरी
सभी प्रकार के TPA एवं इंश्योरेंस कंपनियों के माध्यम से ईलाज की सुविधा उपलब्ध है।



Team
AIIMS दिल्ली, शंकर नेत्रालय चेन्नई, एल. वी. प्रसाद हैदराबाद, नारायण नेत्रालय बेंगलुरू एवं अरविंद आई केयर कोयंबटूर से प्रशिक्षित नेत्र विशेषज्ञों की टीम
Dr. Charudutt Kalamkar – Cataract & Glaucoma & Pediatric Specialist
Dr. Anil Gupta – Comprehensive Eye Care Specialist
Dr. Amrita Mukherjee – Cornea & Glaucoma Specialist
Dr. Mayank Dubey – Cataract Specialist
Dr. Jayesh Patil – Retina Specialist
Dr. Rohit Rao – Phaco & Oculoplasty Specialist
Dr. Shubhank Khare – Retina Specialist
Dr. Patel Bhavin – Cataract & Pediatric Specialist
Dr. Jagdish Kumar – Comprehensive Eye Care Specialist
Dr. Meenakshi Masih – Glaucoma Specialist
Dr. Ruchita Rathi – Comprehensive Eye Care Specialist
Dr. Snigdha K Saxena – Comprehensive Eye Care Specialist
Dr. Jayant Ekka – Cataract Specialist

Trust
Google ★★★★★ 4.7 Star Rating
"Good facility and good behavior of all staff and doctors also good people's" ★★★★★
"We have sutesfie of his service, staff nurse and hospital cleaning." ★★★★★
"Quality treatment with highly qualified professionals" ★★★★★

Technology
OCT Angioplex
Nd:YAG Laser
Pentacam Corneal Topography & Tomography
IOL Master Optical Biometer
OCT Optical Choherence Tomography
Fundus Camera Retinal imaging
Humphrey Field Analyzer Automated perimetry
Specular Microscope
B - Scan
A - Scan
Auto Refractometer Keratometer
Green Retinal Laser
OCT Optical Choherence Tomography

श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल
कलर्स मॉल के सामने, गंगा डायनोस्टिक सेंटर के सामने,
मुस्कान रेसीडेंसी के पास, लालपुर, पचपेड़ी नाका, न्यू धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
www.sgveh.com | +91 9644902896
AdPRAYAS




# विश्व स्वास्थ्य दिवस

## सेहत भूमि

### स्वास्थ्य का संकल्प: सशक्त समाज की ओर एक कदम


हर वर्ष 7 अप्रैल को World Health Day मनाया जाता है। यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। आज के दौर में जब जीवन तेजी से बदल रहा है, तब स्वास्थ्य का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है।

स्वास्थ्य को अक्सर हम केवल बीमारी के अभाव के रूप में देखते हैं, जबकि इसका दायरा इससे कहीं अधिक व्यापक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य का अर्थ है — शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ होना। यदि व्यक्ति का मन अशांत है, तो वह शारीरिक रूप से स्वस्थ होने के बावजूद भी संतुष्ट नहीं रह सकता। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने जीवन में संतुलन बनाए रखें और शरीर के साथ-साथ मन का भी ख्याल रखें।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने काम और जिम्मेदारियों में इतने व्यस्त हो गए हैं कि वे अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा करने लगे हैं। अनियमित दिनचर्या, असंतुलित खानपान, जंक फूड का बढ़ता चलन और शारीरिक गतिविधियों की कमी ने कई बीमारियों को जन्म दिया है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मोटापा जैसी समस्याएं अब आम हो गई हैं। चिंताजनक बात यह है कि ये बीमारियां अब युवाओं में भी तेजी से फैल रही हैं।

इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी एक गंभीर विषय बनकर उभरा है। तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं आज के समाज में तेजी से बढ़ रही हैं। प्रतिस्पर्धा, काम का दबाव और सामाजिक अपेक्षाएं व्यक्ति के मानसिक संतुलन को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में योग, ध्यान और सकारात्मक सोच को अपनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। मानसिक शांति के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना अधूरी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए हमें अपने दैनिक जीवन में कुछ सरल लेकिन प्रभावी बदलाव करने होंगे। नियमित व्यायाम करना, सुबह की सैर, योग और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। संतुलित और पौष्टिक आहार लेना, जिसमें फल, हरी सब्जियां और प्रोटीन युक्त भोजन शामिल हो, हमारे शरीर को ऊर्जा और रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीना और समय पर सोना भी बेहद जरूरी है।

स्वच्छता भी स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण आधार है। व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। साफ-सफाई से न केवल हम स्वयं स्वस्थ रहते हैं, बल्कि कई संक्रामक बीमारियों से भी बच सकते हैं। "स्वच्छता ही सेवा" का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले था।सरकार द्वारा भी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य हर नागरिक को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में पीड़ित न रहे। लेकिन केवल सरकारी प्रयासों से ही एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव नहीं है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।




आज के डिजिटल युग में तकनीक ने स्वास्थ्य सेवाओं को भी सरल बना दिया है। ऑनलाइन परामर्श, हेल्थ ऐप्स और डिजिटल रिपोर्टिंग ने लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान कर दी है। हालांकि, इसके साथ यह भी आवश्यक है कि हम तकनीक का उपयोग संतुलित तरीके से करें, क्योंकि अत्यधिक स्क्रीन टाइम भी हमारे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि क्या हम सच में अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हैं? क्या हम अपने शरीर और मन को वह ध्यान दे रहे हैं, जिसकी उन्हें आवश्यकता है? यह दिन हमें आत्ममंथन करने और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है।

हमें यह समझना होगा कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और राष्ट्रीय विकास से भी जुड़ा हुआ है। एक स्वस्थ नागरिक ही एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण करता है। यदि समाज का हर व्यक्ति स्वस्थ होगा, तो देश स्वतः ही प्रगति की ओर अग्रसर होगा।अंततः, विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह संदेश देता है कि "स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।" इसे नजरअंदाज करना हमारे भविष्य के साथ समझौता करने जैसा है। इसलिए आइए, इस अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि हम स्वस्थ जीवनशैली अपनाएंगे, अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे और एक स्वस्थ, समृद्ध एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।















# कॉलेज की पढ़ाई के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता हुई कम अब 70 फीसदी स्टूडेंट्स रायपुर में करना चाहते हैं अध्ययन

**रायपुर।** बीते कुछ वर्षों में दूसरे राज्यों में कॉलेज की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स का रुझान कम हुआ है। मेडिकल से लेकर ट्रिपलआईटी और आईआईटी की सीटें बढ़ने के बाद स्टूडेंट्स की पहली पसंद छत्तीसगढ़ में रहकर पढ़ाई करना है। कॅरियर काउंसलर्स और कोचिंग संस्थाओं के सर्वे अध्ययन के मुताबिक 65 से 70 फीसदी से अधिक स्टूडेंट्स ने रायपुर को फ्रेंडली शहर बताया, वहीं 30 प्रतिशत की पसंद बिलासपुर है। 15 से 20 फीसदी स्टूडेंट्स भिलाई में रहकर पढ़ाई करना चाहते हैं। प्रदेश में रायपुर, बिलासपुर और भिलाई बीते पांच सालों में तेजी से एजूकेशन हब के रूप में विकसित हुआ है। कॅरियर काउंसलर डॉ. एसके शुक्ला ने बताया कि बीते दो साल में 21 से अधिक कार्यशाला में लगभग 50 हजार से अधिक स्टूडेंट्स को पढ़ाई को लेकर गाइडेंस दिया है। इनमें 41 हजार से अधिक छात्रों ने छत्तीसगढ़ में रहकर पढ़ाई करने की बात कही है। कॅरियर गाइडेंस में शिक्षा के विभिन्न कोर्स और प्रदेश में इसकी सुविधा के बारे में बताने पर स्टूडेंट्स ने सीए, मेडिकल, कृषि में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए रायपुर और बिलासपुर को ही अपनी पसंद बताया है।

> मेडिकल, ट्रिपलआईटी और आईआईटी की सीटें बढ़ने के बाद स्टूडेंट्स की पहली पसंद बन रहा छत्तीसगढ़



### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने दिल्ली जा रहे



30 प्रतिशत स्टूडेंट्स ही कॉलेज की पढ़ाई करने दिल्ली और कोटा व मुंबई जैसे राज्यों में जाना चाहते हैं। 2018 में शीर्ष अंक हासिल करने वाले अधिकतर स्टूडेंट्स अच्छी शिक्षा के लिए दूसरी राज्यों की ओर रुख करते थे, लेकिन प्रदेश में नए शैक्षणिक संस्था व कोर्स आने के बाद से लोगों की पसंद बदली है। स्टूडेंट्स केवल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने दिल्ली जाना चाहते हैं। जेईई और नीट को लेकर अब रायपुर में ही पढ़ाई करना चाहते हैं।

### बिलासपुर की तुलना में रायपुर कम खर्चीला

दूसरे राज्यों में कॉलेज पढ़ाई के साथ रहने का खर्च अधिक है। इस वजह से भी अब स्टूडेंट्स रायपुर में रहकर अपनी पढ़ाई करना चाहते हैं। जेईई और नीट की तैयारी के लिए बिलासपुर की तुलना में रायपुर सस्ता है। रायपुर में कोटा, आमानाका, डगनिया, डीडीनगर, टिकरापारा, पुरानी बस्ती समेत शंकर नगर में सर्वाधिक कोचिंग संस्थान हैं। इसके बाद भी इन क्षेत्रों में एक स्टूडेंट्स का रहने खर्च 5 से 10 हजार है, वहीं बिलासपुर में 8 से 12 हजार तक है। कोचिंग संस्थानों के सर्वे के मुताबिक 60 फीसदी स्टूडेंट्स निवास के लिए 5 से 10 हजार रुपए प्रति महीने खर्च करते हैं। 77.7 प्रतिशत स्टूडेंट्स रूम लेकर और 9.9 प्रतिशत कॉलेज हॉस्टल में रहना पसंद करते हैं। पीजी में 8.8 प्रतिशत ही रहना पसंद करते हैं। बाकी 3.6 प्रतिशत रिश्तेदारों संग रहते हैं।

# दीक्षांत समारोह में आज दो छात्रों को इग्नू से मिलेगा गोल्ड मेडल

**रायपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा मंगलवार को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में 39वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसका इग्नू मुख्यालय दिल्ली में भी सुबह 10.30 बजे आयोजन किया जाएगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के मुख्य आतिथ्य में वर्चुअल शुभारंभ किया जाएगा। वहीं, उपराष्ट्रपति द्वारा देशभर में संचालित इग्नू के 60 क्षेत्रीय केन्द्रों में मेडल एवं डिग्री प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को संबोधित भी करेंगे। इग्नू के मीडिया प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि इस बार रायपुर क्षेत्रीय केन्द्र से मास्टर ऑफ सोशल वर्क के लिए विकास वैभव खरे और के. लक्ष्मी राव को मास्टर ऑफ ज्योतिष के लिए गोल्ड मेडल मिलने वाला है।



**एक छात्र और छात्रा को ही मिलेगा मेडल :** रायपुर केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार सभी उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को इसकी जानकारी सोशल प्लेटफार्म के जरिए दी गई है। उन्होंने बताया कि कई बार ऐसा होता है कि विद्यार्थी दीक्षांत में उपाधि प्राप्त करने के लिए नहीं आ पाते हैं, ऐसे लोगों को उपाधि उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्था भी की जाती है।

### देशभर के 60 केंद्रों में तय समय में दीक्षांत

उन्होंने बताया कि इसके लिए व्यवस्थागत तैयारी को पं. रविवि सभागार में अंतिम रूप दिया गया। मंगलवार को सुबह तय समय पर दीक्षांत समारोह का आगाज किया जाएगा। इस बार विभिन्न विषयों की पढ़ाई करने वाले प्रदेशभर के 1046 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जाएगी। जबकि देशभर में संचालित इग्नू के 60 केन्द्रों से जुड़े 2,99,092 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। सभी केन्द्रों में दीक्षांत समारोह का समय एक ही रहेगा।

# कुर्मी समाज ने धर्म स्वातंत्र्य विधेयक का किया समर्थन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पारित किए गए धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विधेयक के समर्थन में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने पत्रकार वार्ता में चर्चा की। सोमवार को प्रेस क्लब में सवालों का जवाब देते केन्द्रीय अध्यक्ष खोड़्स राम कश्यप और डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने बताया कि जिस तरह से प्रलोभन देते हुए लोगों को धर्म से भटकाने का सिलसिला चल रहा था, उसे रोकने के लिए सरकार द्वारा की गई पहल सराहनीय है। समाज प्रमुख होने के नाते हम इस विधेयक का समर्थन करते हैं। उन्होंने बताया कि इसकी रोकथाम के लिए सामाजिक बैठकों के माध्यम से चिंतन किया जाता रहा है। इसके चलते अभी तक प्रदेशभर में कुर्मी समाज के किसी परिवार द्वारा दूसरे धर्म को अपनाने का मामला नहीं है।

